कार्यालय : मुख्य अग्नि शमन अधिकारी, बिजनौर

पत्रांक सं0– UPFS/2023/9030/BJN/BIJNOR/98/CFO　　　　　　　　दिनांक– 02-11-2023

सेवा में,

स्वामी प्रबन्धक,
मैसर्स सनसाईन चिल्ड्रेन एकेडमी,
ग्राम भोगपुर पोस्ट बढापुर तहसील नगीना,
जनपद–बिजनौर।

विषयः– **मैसर्स सनसाईन चिल्ड्रेन एकेडमी, ग्राम भोगपुर पोस्ट बढापुर तहसील नगीना, जनपद–बिजनौर में स्थापित अग्निशमक उपकरणो की कार्यशीलता के सम्बन्ध में।**

सन्दर्भः– आपके आवेदन पत्र निल

महोदय,

कृपया उक्त विषयक/सन्दर्भित पत्र के कम में **मैसर्स सनसाईन चिल्ड्रेन एकेडमी ग्राम भोगपुर पोस्ट बढापुर तहसील नगीना, जनपद–बिजनौर** स्थापित अग्निशामक उपकरणों की कार्यशीलता का प्रमाण पत्र निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में प्रभारी अग्निशमन अधिकारी नगीना द्वारा अग्निशमन सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से स्थलीय निरीक्षण कराया गया। प्रभारी अग्निशमन अधिकारी नगीना की निरीक्षण आख्या दिनांक 22.10.2023 का परिशीलन किया गया।

सम्बन्धित अधिकारी द्वारा अवगत कराया है कि अग्निशामक व्यवस्था का वार्षिक अनुरक्षण/परिक्षण कराकर वांछित शुल्क ट्रेजरी चालान द्वारा राजकीय कोष में जमा करा दिया गया है। प्रश्नगत विद्यालय में निम्नानुसार अग्निशमन व्यवस्था कार्यशील दशा में उपलब्ध पायी गयी :–

1– ए0बी0सी0 टाईप फायर एक्सटिंग्यूशर क्षमता 05 के0जी0–06 अदद।
2– डी0सी0पी0––––––––––––––––––––––––––––––––निल
3– फायर बकेट्स–––––––––––निल

उपरोक्त वर्णित पत्रों द्वारा पूर्व में दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के साथ–साथ पूर्व में निर्देशित अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्थाऐं तीन वर्ष में पूर्ण कराने एवं उपलब्ध समस्त अग्निशमन उपकरणों को सदैव कार्यशील दशा में बनाये रखने का दायित्व स्वामी/प्रबन्धक को होगा इसके अतिरिक्त अग्निशमन उपकरणो में मन्टीनेंस हेतु एक मन्टीनेंस रजिस्टर प्रतिष्ठान में बनाकर रखा जायेगा जिसे दैनिक, साप्ताहिक, मासिक, त्रैमासिक, अर्द्धवार्षिक, वार्षिक कार्यकलापों को विवरण अंकित किया जायेगा तथा भवन में फायर ड्रिल, अग्निशमन पद्धत्ति का अनुरक्षण व सावधि अग्निसुरक्षा लेखा परीक्षा मानकों के अनुसार करानी अनिवार्य होगी।

अतः प्रभारी अग्निशमन केन्द्र नगीना की संस्तुति के आधार पर एवं उपरोक्त अग्निशामक व्यवस्था हर समय कार्यशील दशा में बनाये रखने तथा अग्नि सुरक्षा निर्देशों का पालन करने की शर्त पर वित्तीय वर्ष – 2023–26 (तीन वर्ष) के लिए सनसाईन चिल्ड्रेन एकेडमी ग्राम भोगपुर पोस्ट बढापुर तहसील नगीना, जनपद –बिजनौर में स्थापित अग्निशामक उपकरणों की कार्यशीलता का प्रमण पत्र निर्गत किया जाता है।

2/11/23

अजय कुमार शर्मा
मुख्य अग्नि शमन अधिकारी
बिजनौर
मुख्य अग्निशमन अधिकारी
बिजनौर

प्रतिलिपि :– प्रभारी अग्निशमन केन्द्र नगीना जनपद बिजनौर, को उनकी आख्या दिनांक 22.10.2023 के कम में सूचनार्थ एवं इन निर्देश के साथ प्रेषित कि सम्बन्धित की पत्रावली खोलकर उस को सुरक्षित रखेंगे तथा समय–समय पर आक्समिक निरीक्षण करके यथा स्थिति का आकलन करते रहेंगे आक्समिक निरीक्षण में यदि किसी प्रकार की आयनिमिता करायेंगे क्योंकि आग से होने वाली क्षति व्यक्तिगत क्षति के साथ राष्ट्र की भी क्षति है जिसकी भरपाई किया जाना सम्भव नही है।